आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 30.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर क्षेत्र से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह से खत्म हो गया है।

2— केन्द्र सरकार की घरेलू उड़ान योजना के तहत अंबिकापुर से अब दिल्ली और कोलकाता के लिए हवाई सेवा शुरू।

3— वन क्षेत्रों और अभयारण्यों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए वन विभाग ने सख्ती बढ़ाई।

**और**

4— खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के तहत आज से जगदलपुर में शुरू हुए एथलेटिक्स के मुकाबले।

.........

<u>**नक्सलवाद—चर्चा**</u>

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह से खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र के हर गांव में स्कूल और राशन दुकान खोलने के लिए अभियान शुरू किया गया है। हर तहसील और पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं।

केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि लाल आतंक की वजह से बस्तर के लोगों तक विकास नहीं पहुंच पाया, लेकिन अब बस्तर विकास के पथ पर अग्रसर है।

लोकसभा में आज नक्सलवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक लड़ाई पर हुई चर्चा में विभिन्न पार्टियों के सांसदों ने अपने विचार रखे।

## जनगणना–सम्मेलन

---

देश में जनगणना–दो हजार सत्ताईस पहली अप्रैल से शुरू होगी। यह स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की सोलहवीं जनगणना होगी। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। श्री नारायण ने कहा कि पहले चरण में, घर–घर की सूची बनाना और स्व–गणना की जाएगी।

## हवाई सेवा–शुभारंभ

---

केन्द्र सरकार की घरेलू उड़ान योजना के तहत अंबिकापुर से अब दिल्ली और कोलकाता के लिए हवाई सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर जिले के चंदखुरी से इस हवाई सेवा का वर्चुअल शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना रही है कि "हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई यात्रा कर सके" और छत्तीसगढ़ में यह सपना अब साकार होता दिख रहा है। राजधानी दिल्ली और कोलकाता से सीधा जुड़ाव होने से क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

अंबिकापुर के मां महामाया विमानतल से आज दिल्ली के लिए रवाना हुए पहले विमान में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज समेत अन्य यात्री शामिल थे।

गौरतलब है कि अंबिकापुर से दिल्ली हवाई सेवा सोमवार और बुधवार को, वहीं, कोलकाता के लिए गुरूवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी। विमानन कंपनी एलायंस एयर द्वारा इन उड़ानों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट बुकिंग आधिकारिक वेबसाइट पर प्रारंभ हो चुकी है।

इस बीच, कल से बिलासपुर के बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट से रात्रि हवाई सेवा की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नाइट ऑपरेशन्स का लोकार्पण किया।

**खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स**

छत्तीसगढ़ में चल रहे प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के छठवें दिन आज रायपुर में हॉकी और फुटबॉल के मैच हुए। वहीं, अंबिकापुर में कुश्ती के मुकाबले खेले गए। आज से जगदलपुर में एथलेटिक्स के मुकाबले भी शुरू हो गए हैं।

हॉकी के महिला वर्ग में मिजोरम और ओडिशा की टीम फायनल में पहुंच गई है। आज खेले गए पहले सेमीफाइनल में मिजोरम ने झारखंड को कड़े मुकाबले में दो के मुकाबले तीन गोल से हराया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में ओडिशा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को शून्य के मुकाबले आठ गोल से हराया।

वहीं, हॉकी के पुरूष वर्ग का पहला सेमीफायनल मुकाबला झारखंड ने जीत लिया है। झारखंड ने मध्यप्रदेश को एक के मुकाबले आठ गोल से हराकर फायनल में जगह बना ली है।

जगदलपुर में आज से शुरू हुए एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में पुरूष वर्ग में पांच हजार मीटर दौड़ में महाराष्ट्र के गोविंद प्रकाश पाड़ेकर ने स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, महिला वर्ग की पांच हजार मीटर स्पर्धा में अरूणाचल प्रदेश की नेदी नगी ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

फुटबॉल में पुरूष वर्ग के लीग मुकाबले में ग्रुप–ए में पश्चिम बंगाल ने तमिलनाडु को शून्य के मुकाबले नौ गोल से हराया। वहीं, ग्रुप–बी में गोवा ने मिजोरम को एक के मुकाबले चार गोल से पराजित किया।

## मुख्यमंत्री–पुलिस दीक्षांत समारोह

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर जिले के चंदखुरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी में आयोजित उप निरीक्षक संवर्ग के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस सत्र में आठ सौ उनसठ प्रशिक्षुओं ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया, जिनमें सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर शामिल हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

## भाजपा–स्थापना दिवस

भारतीय जनता पार्टी आगामी छह अप्रैल को अपना सैंतालीसवां स्थापना दिवस मनाएगी। इसी दिन से छत्तीसगढ़ में भाजपा का ''गांव चलो अभियान'' भी शुरू होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इस साल भाजपा द्वारा छह से चौदह अप्रैल तक ''गांव चलो अभियान'' चलाया जाएगा।

## माओवादी–डंप बरामद

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में सुरक्षा बलों ने मदनवाड़ा क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों द्वारा बड़ी मात्रा में छिपाकर रखे गए हथियार बरामद किए हैं। इनमें एके–सैंतालीस और इंसास रायफल, छियालीस जिंदा कारतूस शामिल हैं। राजनांदगांव रेंज के आईजी बालाजी राव ने मोहला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि

नक्सली डंप की सूचना मिलने पर डीआरजी और आईटीबीपी के जवानों ने आज सुबह जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान ये हथियार बरामद किए गए हैं।

**वन क्षेत्र–आवारा कुत्ता रोक**

---

वन क्षेत्रों और अभ्यारण्यों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए वन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। हाल ही में अंबिकापुर में आवारा कुत्तों द्वारा हिरणों को मार डालने की घटना के बाद यह कदम उठाया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पाण्डेय ने इस संबंध में सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं, जिसके अनुसार वन क्षेत्रों के पास स्थित गांवों में पालतू कुत्तों को विशेष रंग के पट्टे पहनाए जाएंगे, ताकि उनकी पहचान हो सके। यदि कोई पालतू कुत्ता वन क्षेत्र में पाया जाता है, तो उसके मालिक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वन क्षेत्रों के आसपास के गांवों में पोस्टर, बैनर और ग्राम सभाओं के माध्यम से जन जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसका उद्देश्य वन्यप्राणियों को हमले से और रैबीज जैसी बीमारियों से बचाना है।

**जशपुर–डिजिटल कर भुगतान**

---

जशपुर नगर पालिका क्षेत्र में अब टैक्स भुगतान के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। अब वे डिजिटल डोर सुविधा के माध्यम से घर बैठे क्यूआर कोड स्कैन कर जल, संपत्ति और दुकान कर का भुगतान कर सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस सेवा का शुभारंभ किया।

इस नई व्यवस्था के तहत नगर पालिका जशपुर के लिए विशेष क्यूआर कोड तैयार किया गया है। प्रत्येक घर के लिए अलग–अलग क्यूआर कोड तैयार किया गया है, जिसे घर–घर चस्पा किया जा रहा है।

**मौसम**

_______प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक–दो जगहों पर अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने के भी आसार हैं। प्रदेश में इसकी वजह से अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है।

इस बीच, बस्तर जिले में आज अचानक मौसम बदला और दोपहर बाद तेज हवाओं और गरज–चमक के साथ बारिश हुई। अचानक हुए इस बदलाव से तापमान में कमी आई है।

**संक्षिप्त समाचार**

– रायपुर नगर निगम का वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए महापौर मीनल चौबे ने आज दो हजार एक सौ तीस करोड़ रूपए से अधिक का बजट पेश किया।

और

– दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खुर्सीपार थाना क्षेत्र से अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तैतालीस ग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है, जिसकी कीमत साढ़े आठ लाख रूपए से अधिक आंकी गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>